# 2021 विधान परिषद आम चुनाव संक्षिप्त

## चुनाव का संक्षिप्त विवरण

विधान परिषद आम चुनाव के लिए मतदान व्यवस्था

- मतदान का दिन: 19 दिसंबर 2021 (रविवार)
- मतदान के घंटे : सुबह 8:30 से रात–10:30 बजे तक (जेलखानो में स्थित समर्पित मतदान केंद्रों को छोड़कर जहां पर मतदान के घंटे सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक होंगे)

## नामांकन अवधि

- नामांकन अवधि: 30 अक्टूबर 2021 से 12 नवंबर 2021
- नामांकन फॉर्म पंजीकरण और निर्वाचन कार्यालय ("REO") की वेबसाइट (www.reo.gov.hk) से डाउनलोड किया जा सकता है या निम्नलिखित कार्यालयों से नि:शुल्क प्राप्त किया जा सकता है:
  - जिला कार्यालय;
  - निर्वाचन अधिकारियों के कार्यालय; या
  - REO के कार्यालय (10/F, Harbour Centre, 25 Harbour Road, Wan Chai, Hong Kong या Unit 2301-03, 23/F, Millennium City 6, 392 Kwun Tong Road, Kwun Tong, Kowloon)

## विधान परिषद संक्षिप्त

### चुनाव प्रणाली में सुधार (समेकित संशोधन) अध्यादेश 2021

नेशनल पीपल्स कांग्रेस ("NPC") ने 11 मार्च 2021 को हांगकांग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र की चुनावी प्रणाली में सुधार पर निर्णय ("निर्णय") पारित किया और NPC की स्थायी समिति ("NPCSC") को  हांगकांग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र ("HKSAR") के मुख्य कार्यकारी के चयन के लिए विधि पर बुनियादी कानून के एनेक्स I और HKSAR के विधान परिषद का गठन और इसकी मतदान प्रक्रिया पर बुनियादी कानून के एनेक्स II को संशोधन करने के लिए अधिकृत किया। NPCSC ने 30 मार्च 2021 को बुनियादी कानून में संशोधित एनेक्स I और एनेक्स II को अपनाया। बुनियादी कानून में नए संशोधित एनेक्स I और एनेक्स II को लागू करने के लिए, LegCo द्वारा पारित चुनाव प्रणाली में सुधार (समेकित संशोधन) अध्यादेश 2021 को राजपत्र में प्रकाशित किया गया था और 31 मई 2021 को प्रभावी हुआ।

## संरचना

निर्णय और बुनियादी कानून के एनेक्स II के अनुसरण में, HKSAR का LegCo 90 सदस्यों से निर्मित होगा जो निम्नानुसार है:

**प्रत्यक्ष चुनाव के माध्यम से**

- चुनाव समिति द्वारा निर्वाचित किए गए सदस्य : 40 व्यक्ति
- कार्यात्मक निर्वाचन क्षेत्रों द्वारा निर्वाचित किए गए सदस्य : 30 व्यक्ति
- भौगोलिक निर्वाचन क्षेत्रों द्वारा निर्वाचित किए गए सदस्य : 20 व्यक्ति

- कार्यालय का कार्यकाल चार वर्ष का होता है।

## चुनाव समिति निर्वाचन क्षेत्र ("ECC") – 40 सीटें

### नामांकन और उम्मीदवारी

- 21 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी पंजीकृत भौगोलिक निर्वाचन क्षेत्र ("GC") के मतदाता, जो नामांकन से ठीक 3 साल पहले से हांगकांग में सामान्य रूप से रहे हैं, उन्हें उम्मीदवारों के रूप में नामित किया जा सकता है, यानी उम्मीदवारों को चुनाव समिति ("EC") के सदस्य होने की आवश्यकता नहीं है।
- प्रत्येक उम्मीदवार को कम से कम 10, लेकिन 20 से कम, EC के सदस्यों द्वारा नामित किया जाना चाहिए, जिसमें EC के 5 क्षेत्रों में से प्रत्येक से कम से कम 2 लेकिन 4 से अधिक सदस्य शामिल नहीं होना चाहिए।
- EC का प्रत्येक सदस्य केवल 1 उम्मीदवार को नामित कर सकता है।

### मतदान

- EC के सदस्य, नामांकित व्यक्तियों की सूची के आधार पर, गुप्त मतदान द्वारा अपना वोट डालेंगे। एक मतपत्र तभी मान्य होता है जब मतपत्र में निहित मतों की संख्या वापिस आने वाले सदस्यों की संख्या के बराबर हो। सबसे अधिक मत प्राप्त करने वाले 40 उम्मीदवारों को चुनाव में निर्वाचित किया जाएगा।

## कार्यात्मक निर्वाचन क्षेत्र ("FCs") – 30 सीटें

### 28 FC की संरचना और सीटों का आवंटन

| FCs | | सीट | मतदाताओं की संरचना | |
|---|---|---|---|---|
| | | | व्यक्तिगत | संस्था |
| 1 | हयुंग यी कुक | 1 | ✓ | |
| 2 | कृषि और मत्स्य (एग्रीकल्चर एंड फिशरीज) | 1 | | ✓ |
| 3 | बीमा (इंश्योरेंस) | 1 | | ✓ |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4 | परिवहन (ट्रांसपोर्टेशन) | 1 | | ✔ |
| 5 | शिक्षा ( एडुकेशन) | 1 | ✔ | |
| 6 | कानून (लीगल) | 1 | ✔ | |
| 7 | लेखा (अकाउंटेंसी) | 1 | ✔ | |
| 8 | चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाएं (मेडिकल एंड हेल्थ सर्विसिज़) | 1 | ✔ | |
| 9 | अभियांत्रिकी (इंजीनियरिंग) | 1 | ✔ | |
| 10 | कृषि, सर्वेक्षण, योजना और भौगोलिक बनावट | 1 | ✔ | |
| 11 | श्रम (लेबर) | 3 | | ✔ |
| 12 | समाज कल्याण (सोशल वेलफेयर) | 1 | ✔ | |
| 13 | अचल संपत्ति और निर्माण (रियल एस्टेट एंड कंस्ट्रक्शन) | 1 | | ✔ |
| 14 | पर्यटन (टूरिज्म) | 1 | | ✔ |
| 15 | व्यावसायिक (प्रथम) (कमर्शियल (फर्स्ट)) | 1 | | ✔ |
| 16 | व्यावसायिक (द्वितीय) (कमर्शियल (सेकेंड)) | 1 | | ✔ |
| 17 | व्यावसायिक (तृतीय) (कमर्शियल (थर्ड)) | 1 | | ✔ |
| 18 | औद्योगिक (प्रथम) (इंडस्ट्रियल (फर्स्ट)) | 1 | | ✔ |
| 19 | औद्योगिक (द्वितीय) (इंडस्ट्रियल(सेकेंड)) | 1 | | ✔ |
| 20 | वित्त (फाइनेंस) | 1 | | ✔ |
| 21 | वित्तीय सेवाएं (फाइनेंस सर्विसिज़) | 1 | | ✔ |
| 22 | खेल, प्रदर्शन कलाएं, संस्कृति और प्रकाशन (स्पोर्ट्स, परफार्मिंग आर्ट्स, कल्चर एंड पब्लिकेशन) | 1 | | ✔ |
| 23 | आयात और निर्यात (इम्पोर्ट एंड एक्सपोर्ट) | 1 | | ✔ |
| 24 | कपड़ा और परिधान (टेक्सटाइल्स एंड गारमेंट) | 1 | | ✔ |
| 25 | थोक और खुदरा (होल सेल एंड रिटेल) | 1 | | ✔ |
| 26 | प्रौद्योगिकी और नई पद्धति (टेक्नोलॉजी एंड इनोवैशन) | 1 | | ✔ |
| 27 | खानपान (कैटरिंग) | 1 | | ✔ |
| 28 | नेशनल पीपल्स कांग्रेस में HKSAR के प्रतिनिधि, चाइनिज पीपल्स पॉलिटिकल कंसल्टेटिव कॉन्फ्रेंस ("CPPCC") की राष्ट्रीय समिति के HKSAR सदस्य, और प्रासंगिक राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि | 1 | ✔ | |
| | **कुल संख्या** : | **30** | | |

टिप्पणी:

FC के योग्य कॉर्पोरेट निर्वाचक संस्थाओं, संगठनों, संघों या उद्यमों से बने होंगे जो प्रतिनिधि हैं और कानून द्वारा निर्दिष्ट हैं। जब तक HKSAR के चुनावी कानून में निर्दिष्ट नहीं किया जाता है, तब तक एक संघ या उद्यम एक FC के लिए एक कॉर्पोरेट मतदाता बन सकता है, अगर वह उस FC के लिए प्रासंगिक योग्यता प्राप्त करने के बाद कम से कम 3 साल से काम कर रहा हो।

## नामांकन और उम्मीदवारी

- 21 या उससे अधिक आयु के सभी पंजीकृत GC निर्वाचक जो नामांकन से ठीक 3 साल पहले से हांगकांग में सामान्य रूप से रहे हैं; और संबंधित FC के पंजीकृत मतदाता या उस FC के साथ पर्याप्त संबंध हैं, उन्हें उम्मीदवारों के रूप में नामित किया जा सकता है।
- उम्मीदवारों को निम्नलिखित दो मानदंडों को पूरा करना होगा:
    1. संबंधित FC के कम से कम 10, लेकिन 20 से कम निर्वाचकों द्वारा मनोनीत; तथा
    2. EC के कम से कम 10, लेकिन 20 से कम सदस्यों द्वारा मनोनीत, जिसमें EC के 5 क्षेत्रों में से प्रत्येक से 2 से कम लेकिन 4 से अधिक सदस्य शामिल नहीं हैं।

- चुनाव में EC का प्रत्येक सदस्य केवल 1 उम्मीदवार को EC के सदस्य के रूप में नामित कर सकता है। प्रत्येक पंजीकृत FC मतदाता अपने संबंधित FC में केवल 1 उम्मीदवार को FC निर्वाचक के रूप में नामित कर सकता है (लेबर FC के मतदाताओं को छोड़कर जो अधिकतम 3 उम्मीदवारों को नामित कर सकते हैं)।

## मतदान

- प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक गुप्त मतदान द्वारा अपने संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के LegCo सदस्य का चुनाव करेंगे।

## <u>भौगोलिक निर्वाचन क्षेत्र ("GCs")</u>

## चुनाव की निरूपण और प्रणाली

- हांगकांग के क्षेत्रों को 10 GC में विभाजित किया जाएगा। प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र 2 LegCo सदस्यों को निर्वाचित करेगा। 10 GC इस प्रकार हैं:

    - हांगकांग आइलैंड ईस्ट
    - हांगकांग आइलैंड वेस्ट
    - कॉव्लून ईस्ट
    - कॉव्लून वेस्ट
    - कॉव्लून सेन्ट्रल
    - न्यू टेरिटॉरीज साउथ ईस्ट

- न्यू टेरिटॉरीज नॉर्थ
- न्यू टेरिटॉरीज नॉर्थवेस्ट
- न्यू टेरिटॉरीज साउथ वेस्ट
- न्यू टेरिटॉरीज नॉर्थ ईस्ट

**नामांकन और उम्मीदवारी**

- 21 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी पंजीकृत GC के मतदाता, जो नामांकन से ठीक 3 साल पहले से हांगकांग में सामान्य रूप से रहे हैं, उन्हें उम्मीदवारों के रूप में नामित किया जा सकता है।
- उम्मीदवारों को निम्नलिखित दो मानदंडों को पूरा करना होगा:
  1. संबंधित GC के कम से कम 100, लेकिन 200 से कम निर्वाचकों द्वारा मनोनीत; तथा
  2. EC के कम से कम 10, लेकिन 20 से कम सदस्यों द्वारा मनोनीत, जिसमें EC के 5 क्षेत्रों में से प्रत्येक से 2 से कम लेकिन 4 से अधिक सदस्य शामिल नहीं हैं।
- GC चुनाव में EC का प्रत्येक सदस्य केवल 1 उम्मीदवार को EC सदस्य के रूप में नामांकित कर सकता है। प्रत्येक पंजीकृत GC मतदाता अपने संबंधित GC में केवल 1 उम्मीदवार को GC निर्वाचक के रूप में नामित कर सकता है।

**मतदान**

- निर्वाचक गुप्त मतदान द्वारा एक उम्मीदवार का चयन कर सकते हैं, और सबसे अधिक मत प्राप्त करने वाले दो उम्मीदवारों को चुनाव में निर्वाचित किया जाएगा।

**मतदान कौन कर सकता है**

- केवल पंजीकृत व्यक्ति और कॉर्पोरेट निर्वाचक जिनके नाम 2021 के अंतिम मतदाता रजिस्टर में शामिल किए गए हैं, चुनाव में अपना वोट डालने के लिए पात्र हैं, और संबंधित रजिस्टर 29 अक्टूबर 2021 को प्रकाशित किया जाएगा। ECC के लिए, केवल वे सदस्य जिनके नाम EC के सदस्यों के अंतिम रजिस्टर में शामिल किए गए हैं, वे नामांकन और वोट देने के पात्र हैं, और संबंधित रजिस्टर 22 अक्टूबर 2021 को प्रकाशित किया जाएगा।

  h ttps://www.voterregistration.gov.hk/eng/statistic.html

**सम्मिलित मतदान व्यवस्था**

- सभी मतदाताओं या अधिकृत प्रतिनिधियों ("AR") की सुविधा के लिए सम्मिलित मतदान की व्यवस्था की जाएगी। इस व्यवस्था के तहत, एक EC सदस्य / एक पात्र मतदाता / एक AR एक ही मतदान केंद्र पर अपनी/ अपना सभी हकदार वोट डालेगा।

**मतदान कहां करें**

- ECC मतदाताओं को छोड़कर, प्रत्येक मतदाता या AR को जहां तक व्यावहारिक हो, मतदाता के अंतिम रजिस्टर में पंजीकृत उसके आवासीय पते के पास एक नामित मतदान केंद्र के लिए नियत किया जाएगा। ECC मतदाताओं के लिए, उन्हें ECC मतदान केंद्र के लिए नियत किया जाएगा।

- हिरासत में मतदाताओं या AR को दंडित संस्थानों या पुलिस स्टेशनों में, जो भी उपयुक्त हो, समर्पित मतदान केंद्रों पर मतदान करने की व्यवस्था की जाएगी।

  मतदान दिन के लगभग 10 दिन पहले संबंधित मतदाता या AR को एक मतदान कार्ड जारी किया जाएगा, जिस पर एक व्यक्तिगत मतदाता या AR के लिए उसके नामित केंद्र के बारे में जानकारी प्रकाशित होगी।

- मतदान कार्ड से जुड़े स्थान के नक्शे में यह निर्दिष्ट किया जाएगा कि एक मतदाता या AR को आवंटित मतदान केंद्र विशेष जरूरतों (व्हीलचेयर उपयोगकर्ता या चलने-फिरने में कठिनाई वाले व्यक्ति) वाले मतदाताओं के लिए सुलभ है या नहीं। यदि मतदाता या AR जो व्हीलचेयर उपयोगकर्ता हैं या उन्हें चलने-फिरने में कठिनाई होती है, उन्हें अपने निर्दिष्ट मतदान केंद्र तक पहुंच योग्य नहीं पाते हैं, वे उस निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामित विशेष मतदान केंद्र पर मतदान करने के लिए REO को फैक्स (2891 1180), ईमेल (reoenq@reo.gov.hk), टेलीफोन (2891 1001) या डाक (10/F, Harbour Centre, 25 Harbour Road, Wan Chai, Hong Kong) द्वारा 14 दिसंबर 2021 से पहले आवेदन कर सकते हैं।

- यदि मतदाताओं या AR को मतदान पर जानकारी के लिए व्याख्या सहायता की जरुरत है, तो वे 6 से 10 दिसंबर 2021 तक और 13 से 19 दिसंबर 2021 तक निम्नलिखित हॉटलाइन के माध्यम से अल्पसंख्यक जातियों के लिए केंद्र ("CHEER") से संपर्क कर सकते हैं।

| भाषा | हॉटलाइन नंबर |
|---|---|
| बहासा इंडोनेशिया | 3755 6811 |
| हिंदी | 3755 6877 |
| नेपाली | 3755 6822 |
| पंजाबी | 3755 6844 |
| तागालोग | 3755 6855 |
| थाई | 3755 6866 |
| उर्दू | 3755 6833 |
| वियतनामी | 3755 6888 |

**<u>मतदान कैसे करें</u>**

- 19 दिसंबर 2021 (रविवार) को मतदान के समय (सुबह 8:30 (पुष्टि की जानी है) से रात 10:30 बजे तक) अपने नामित मतदान केंद्र पर अपना हांगकांग पहचान पत्र ("HKID कार्ड") या अन्य निर्दिष्ट वैकल्पिक दस्तावेज लेकर आएं (कृपया विवरण के लिए नीचे दिए गए "मतपत्र एकत्र करने के

लिए आवश्यक दस्तावेज़" अनुभाग देखें) और मतदान केंद्र के अंदर मौजूद मतदान कर्मचारी को प्रस्तुत करें। आपका HKID कार्ड प्राप्त करने के बाद, मतदान कर्मचारी आपसे अपना फेस मास्क कुछ समय के लिए हटाने के लिए कहेंगे और एक दृश्य जाँच करेंगे। मतदान कर्मचारी आपके HKID कार्ड को स्कैन करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक मतदान रजिस्टर ("EPR") प्रणाली के एक टैबलेट का उपयोग करेगा ताकि यह जांचा जा सके कि आप संबंधित निर्वाचन क्षेत्र (क्षेत्रों) के मतदाता और/या AR हैं, और संख्या और प्रकार (प्रकारों) मतपत्र (ओं) के हकदार हैं । सत्यापन के बाद, EPR प्रणाली आपको मतपत्र जारी करने को रिकॉर्ड करेगी।

- मतदान कर्मचारी आपकी मतदान पात ता के अनुसार मतपत (मतपत ों) और "✓" (सही का निशान) लगी हुई चॉप के साथ एक कार्डबोर्ड जारी करेगा। एक ECC मतदाता को एक काला पेन भी दिया जाएगा। उसके बाद, आपको तुरंत किसी एक मतदान कक्ष में जाना चाहिए।
- कृपया मतदान कर्मचारियों द्वारा दिए गए निर्देशों के साथ-साथ मतपत्र (मतपत्रों), कार्डबोर्ड और मतदान कक्ष के अंदर निर्देशों का पालन करें। आपको मतदान कक्ष के अंदर मतपत्र (मतपत्रों) को चिह्नित करना चाहिए।
- GC/FC के लिए, आपको मतपत्र पर अपनी पसंद के GC और/या FC उम्मीदवार (उम्मीदवारों) के नाम के आगे दए हुए घेरे में कार्डबोर्ड से संलगन "✓" (सही का नशान) चॉप का उप ोग करना चाहिए। (लेबर FC का प्रत्येक AR तीन उम्मीदवारों को चुन सकता है।)
- ECC के लिए, आपको बैलेट पेपर पर 40 **से अधिक या उससे कम** उम्मीदवारों को वोट नहीं देना चाहिए। आपको मतदान केंद्र द्वारा दिए गए पेन अपनी पसंद के उम्मीदवारों के नाम के सामने वाले घेरे को काले रंग से भरने के लिए उपयोग करना चाहिए।
- प्रत्येक मतदान कक्ष का उपयोग एक समय में केवल एक मतदाता/AR द्वारा किया जाना चाहिए। मतदान की स्वायत्तता और वोटों की गोपनीयता के सिद्धांतों के आधार पर, कानून के तहत मतदाता को मतदान डालने के लिए कोई भी (भले ही वह मतदाता का रिश्तेदार या मित्र हो) साथ जाना या उसकी सहायता करना निषिद्ध है।
- आपको अपने मतपत्र (मतपत्रों) को मोड़ना नहीं चाहिए। मतपत्र को चिह्नित करने के बाद:
  - (a) एक GC मतदाता को GC मतपत्र को <u>**नीली**</u> मतपेटी में चिह्नित पक्ष को नीचे की ओर कर के डालना चाहिए;
  - (b) FC के एक मतदाता या AR को FC मतपत्र को <u>**लाल**</u> मतपेटी में चिह्नित पक्ष को नीचे की ओर कर के डालना चाहिए; तथा
  - (c) एक ECC मतदाता ECC मतदान केंद्र में स्थापित एक ऑप्टिकल मार्क रिकग्निशन मशीन का उपयोग करना चुन सकता है ताकि यह सत्यापित किया जा सके कि मतपत्र पर अंकित उम्मीदवारों की संख्या 40 के बराबर है या नहीं। उसके बाद उस से मतपत्र को मतदान केंद्र द्वारा प्रदान किए गए एक लिफाफे में डालना चाहिए और लिफाफे में निहित मतपत्र को <u>**सफेद**</u> मतपेटी में डालना चाहिए।
- यदि कोई मतदाता या AR मतपत्र को चिह्नित करने में त्रुटि करता है या अनजाने में मतपत्र खराब कर देता है, तो वह मतपत्र को पीठासीन अधिकारी ("PRO") को वापस कर सकता/सकती है और प्रतिस्थापन की मांग कर सकता/सकती है ।

## <u>मतपत्र (मतपत्रों) प्राप्त करने के लिए आवश्यक दस्तावेज</u>

- प्रचलित कानून के तहत, मतपत्र (मतपत्रों) के लिए आवेदन करने वाला व्यक्ति को अपना HKID कार्ड या निम्नलिखित निर्दिष्ट वैकल्पिक दस्तावेज (दस्तावेजों )की मूल प्रति प्रस्तुत करनी चाहिए:
  - HKSAR के वैध पासपोर्ट की मूल प्रति; या
  - छूट के प्रमाण पत्र की मूल प्रति; या
  - HKID कार्ड के आवेदन स्वीकृति पावती की मूल प्रति; या
  - नाविक या जहाज के कर्मचारी की वैध पहचान पुस्तिका की मूल प्रति; या
  - वीसा उद्देश्यों के लिए व्यक्ति के पहचान के वैध दस्तावेज की मूल प्रति; या
  - एक पुलिस अधकारी द्वारा जारी एक प्रामाणिक रिपोर्ट दस्तावेज (आमतौर पर "खोई हुई संपत्ति का एक रिकॉर्ड") कि उस व्यक्ति का HKID कार्ड या छूट का प्रमाण पत्र या HKID कार्ड के लिए आवेदन स्वीकृति पावती खो गए या नष्ट हो गए हैं, उसके नाम और फोटो को दर्शाते हुए एक वैध पासपोर्ट* या इसी तरह के यात्रा दस्तावेज की मूल प्रति के साथ (जैसे कि HKSAR पासपोर्ट के अलावा अन्य पासपोर्ट या घर वापसी परमिट)।

    * ब्रिटिश नेशनल (विदेशी) पासपोर्ट एक वैध यात्रा दस्तावेज और पहचान का प्रमाण नहीं है।

- विवरण के लिए, कृपया चुनावी मामलों के आयोग (चुनाव प्रक्रिया) (विधान परिषद) विनियमन (कैप. 541D) का अनुभाग 50 देखें।

**<u>जरूरतमंद मतदाताओं के लिए विशेष कतार</u>**

- केवल मतदाताओं या ARs को ही मतदान केंद्र में प्रवेश की अनुमति है।
- निष्पक्ष और समान व्यवहार" सिद्धांत के तहत, मतदाताओं और AR को मतदान देने के लिए कतार में लगना चाहिए। यदि PRO इस बात से संतुष्ट है कि मतदान करने के लिए मतदान केंद्र पर आने वाला या वहां मौजूद व्यक्ति नीचे दिए गए विवरण के अंतर्गत आता है, तो PRO उस व्यक्ति को मतपत्र के लिए आवेदन करने के लिए तुरंत नामित क्षेत्र या कतार के अंत में जाने का निर्देश दे सकता है, यदि उस क्षेत्र से एक कतार फैली हुई है –
  - जिनकी आयु 70 वर्ष से कम नहीं है*;
  - जो गर्भवती है; या;
  - जो कतार में लंबे समय तक नहीं रह सकते हैं या बीमारी, चोट, विकलांगता या गतिशीलता सहायता पर निर्भरता के कारण कतार में लगने में कठिनाई होती है।

* निम्नलिखित व्यक्तियों सहित -

- जिसका दस्तावेज़ जन्म के महीने और दिन के बिना, उस व्यक्ति के जन्म का वर्ष जो मतदान के दिन पड़ने वाले वर्ष से 70 वर्ष पहले है;

- जिसका दस्तावेज़ जन्म के दिन के बिना, उस व्यक्ति के जन्म का वर्ष जो मतदान के दिन पड़ने वाले वर्ष से 70 वर्ष पहले है और व्यक्ति का जन्म का महीना जो उस महीने के समान है जिसके भीतर मतदान का दिन पड़ता है।

- PRO उपरोक्त मतदाता या AR के लिए मतदान केंद्र के अंदर आराम करने के लिए एक बैठने की जगह भी निर्दिष्ट करेगा, यदि वह आराम करना चाहें तो। आराम करने के बाद, वे मतपत्र जारी करने वाले डेस्क पर जाने से पहले विशेष कतार में कतार में लग सकते हैं।
- मतदान की स्वायत्तता और मतदानों की गोपनीयता के सिद्धांतों के आधार पर, कानून किसी को भी (भले ही वह मतदाता का रिश्तेदार या मित्र हो) मतदाता या AR के साथ मतदान डालने के लिए साथ जाना या उसकी सहायता करने से रोकता है। मतदाता या AR, जो अपने दम पर मतदान डालने में असमर्थ हैं, कानून के अनुसार, अपनी मतदान पसंद के अनुसार अपनी ओर से मतपत्रों को चिह्नित करने के लिए, गवाह के रूप में एक मतदान कर्मचारी की उपस्थिति में PRO या PRO के डिप्टी से मदद मांग सकते हैं। PRO को कार्य स्वाधीनता का प्रयोग करने की अनुमति दी गई है, जहां उचित हो, साथ देने वाले व्यक्तियों को मतदाताओं के साथ विशेष कतार का उपयोग करने की अनुमति देने के लिए जिन्हें वास्तव में दूसरों के साथ जाने की आवश्यकता है।
- मतदान कर्मचारियों को अपने वोट डालने के बाद मतदाताओं/AR को सेवा देना जल्द से जल्द पुनरारंभ करने की सुविधा के लिए, यदि वह निर्दिष्ट मतदान केंद्र पर पहुंचता है, लेकिन मतदान केंद्र के बाहर प्रवेश के लिए लंबी कतार पाता है, तो उसे मतपत्रों को एकत्र करने के लिए प्राथमिकता कतार में खड़े होना और अपने मतदान कर्मचारी की पहचान प्रस्तुत करने के बाद अपना वोट डालने के लिए मतदान केंद्र में प्रवेश करने की अनुमति दी जा सकती है।

## मतदाताओं/AR के लिए चेकलिस्ट(जांच सूची)

- भ्रष्टाचार के खिलाफ स्वतंत्र आयोग ("ICAC") द्वारा लागू चुनाव (भ्रष्ट और अवैध आचरण) अध्यादेश (कैप. 554) के अनुसार, एक मतदाता या **AR** को हांगकांग या अन्य जगहों पर निम्नलिखित कृत्यों का प्रवाह **नहीं करना चाहिए**:
  - किसी भी व्यक्ति को चुनाव अवधि के दौरान सार्वजनिक गतिविधि के माध्यम से वोट न देने, खाली या अमान्य वोट डालने के लिए उकसाना।
  - जानबूझकर किसी अन्य व्यक्ति को चुनाव में मतदान करने में बाधा डालना और रोकना।
  - चुनाव में मतदान नहीं करने, या किसी विशेष उम्मीदवार या विशेष उम्मीदवारों के लिए मतदान करने या मतदान नहीं करने के लिए किसी भी व्यक्ति से किसी भी लाभ (पैसे, उपहार, आदि सहित), भोजन, पेय या मनोरंजन की मांग करना या उन्हें स्वीकार करना।
  - किसी भी व्यक्ति को चुनाव में वोट न देने, या किसी विशेष उम्मीदवार या विशेष उम्मीदवारों के लिए वोट देने या न देने के लिए प्रलोभन या इनाम के रूप में कोई लाभ (पैसे, उपहार, आदि सहित), भोजन, पेय या मनोरंजन प्रदान करना।
  - किसी व्यक्ति को मतदान के लिए प्रेरित करने या चुनाव में मतदान न करने के लिए, या किसी विशेष उम्मीदवार या विशेष उम्मीदवारों को मतदान करने या न करने के लिए किसी व्यक्ति के खिलाफ बल या अवरोध का उपयोग करना या उपयोग की धमकी देना।

- किसी भी व्यक्ति को चुनाव में धोखे से किसी विशेष उम्मीदवार या विशेष उम्मीदवारों को मतदान करने या नहीं करने के लिए उकसाना, या किसी व्यक्ति को धोखे से चुनाव में मतदान करने से रोकना।
- मतदान का हकदार न होने की जानकारी होते हुए भी चुनाव में मतदान करना।
- जानबूझकर या लापरवाही से गलत या भ्रामक जानकारी (उदाहरणतः गलत आवासीय पता) निर्वाचन अधिकारी को देने के बाद चुनाव में मतदान करना।

- मतदान केंद्रों पर निम्नलिखित गतिविधियाँ भी निषिद्ध हैं :
  - अन्य मतदाताओं और ARs के साथ संवाद करना जिसमें अपना मत पत्र दूसरों को दिखाना या इलेक्ट्रॉनिक संचार के लिए मोबाइल टेलीफोन या अन्य उपकरण का उपयोग करना शामिल है।
  - फिल्म बनाना ,तस्वीरें लेना या कोई ऑडियो या वीडियो रिकॉर्डिंग करना।
  - अन्य मतदाताओं और ARs से अपने मतपत्र को चिह्नित करने के लिए कहना। आवश्यकता होने पर, आप PRO से एक मतदान अधिकारी की उपस्थिति में अपने मतदान-पत्र को चिह्नित करने के लिए कह सकते हैं।
  - अन्य मतदाताओं या ARs के साथ, जो अपने मत डाल रहे हैं, हस्तक्षेप करना।
- ICAC ने प्रासंगिक जानकारी (अंग्रेजी और चीनी दोनों में) प्रदान करने के लिए एक स्वच्छ चुनाव वेबसाइट की स्थापना की है। कृपया www.icac.org.hk/elections देखें।

## <u>मतदान केंद्रों और मतगणना में COVID-19 की प्रतिक्रिया में महामारी रोधी उपाय</u>

- COVID-19 के प्रसार को रोकने के लिए, खाद्य और स्वास्थ्य ब्यूरो और स्वास्थ्य संरक्षण केंद्र के परामर्श से, REO मतदान केंद्रों और मतगणना केंद्रों (केंद्रीय मतगणना केंद्र सहित) में निम्नलिखित उपाय अपनाएगा:

मतदान केन्द्र

- सभी मतदान कर्मचारियों को सर्जिकल मास्क पहनना आवश्यक है और अपने शरीर के तापमान की जांच करानी होगी। यदि वे पारदर्शी सुरक्षात्मक स्क्रीन द्वारा संरक्षित नहीं किए जा रहे हैं, तो उन्हें फेस शील्ड भी पहनना होगा, जो कि मतपत्र जारी करने वाले डेस्क, PRO डेस्क आदि पर लगाए जाएंगे।
- मतदान केंद्रों में प्रवेश करने वाले सभी व्यक्तियों (मतदाताओं, उम्मीदवारों / ARs सहित) को अपने स्वयं के मास्क पहनने, अपने शरीर के तापमान की जांच करने और मतदान केंद्रों के प्रवेश और निकास पर लगे हैंड सैनिटाइज़र का उपयोग करके अपने हाथों को रगड़ने की आवश्यकता होती है।

- मतदान केंद्रों पर पहुंचने पर मतदाताओं, उम्मीदवारों और ARs के मतदान केंद्रों के शरीर के तापमान की जांच के लिए सभी मतदान केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक थर्मामीटर लगाए गए हैं।
- बुखार या श्वसन संबंधी लक्षणों, या अचानक स्वाद / गंध की कमी वाले मतदान कर्मचारियों को चुनावी कर्तव्यों का निर्वहन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी, जबकि उम्मीदवारों /ARs को मतदान केंद्रों में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी, लेकिन उम्मीदवार किसी अन्य प्रतिनिधि को मतदान का निरीक्षण करने के लिए अधिकृत कर सकते हैं।
- बुखार या सांस संबंधी लक्षणों वाले या अचानक स्वाद/गंध की कमी वाले मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर निर्धारित डिब्बों में मतदान करने के लिए निर्दिष्ट जाएगा।
- मतदान केंद्रों पर सामाजिक दूरी बनाए रखने के लिए मतदाताओं को याद दिलाने वाली हाथ में तख्तियां और संकेत प्रदर्शित किए जाएंगे।

मतगणना केंद्र (केंद्रीय मतगणना केंद्र सहित [1])

- मतगणना केंद्रों (केंद्रीय मतगणना केंद्र सहित) के सभी कर्मचारियों को सर्जिकल मास्क और दस्ताने पहनना आवश्यक है। केंद्रीय मतगणना केंद्र के पंजीकरण और पूछताछ काउंटरों पर भीपारदर्शी सुरक्षात्मक स्क्रीन लगाई जाएंगी। सार्वजनिक दीर्घाओं के लिए निर्धारित अधिकतम क्षमता वाले मीडिया सेंटर में सामाजिक दूरी के उपायों को सख्ती से लागू किया जाएगा।
- बुखार या श्वसन लक्षणों, या स्वाद/गंध में अचानक कमी के साथ वाले कर्मचारियों को कर्तव्यों का निर्वहन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।
- बुखार वाले व्यक्तियों की जांच करने के लिए मतदाताओं, उम्मीदवारों/ARs के शरीर के तापमान की जांच करने के लिए प्रत्येक मतगणना स्टेशन (केंद्रीय मतगणना केंद्र सहित) पर इलेक्ट्रॉनिक थर्मामीटर स्थापित किए गए हैं । बुखार या श्वसन लक्षण, या स्वाद/गंध में अचानक कमी के साथ किसी भी व्यक्ति को गिनती स्टेशनों में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी । यदि उम्मीदवारों/ARs को बुखार या श्वसन लक्षण हैं, या स्वाद/गंध में अचानक कमी होती है, तो उम्मीदवार गिनती का निरीक्षण करने के लिए किसी अन्य प्रतिनिधि को प्राधिकृत कर सकते हैं।
- मतगणना केंद्रों (केंद्रीय मतगणना केंद्र सहित) के अंदर हैंड सैनिटाइज़र उपलब्ध कराए जाएंगे।
- REO केंद्र के खुलने से पहले केंद्रीय मतगणना केंद्र में गैर-धातु सतह फर्नीचर(जैसे मतगणना डेस्क, रिसेप्शन काउंटर, कुर्सियां आदि) को कीटाणुरहित करने के लिए पतले ब्लीच का उपयोग करने के लिए हांगकांग कन्वेंशन और एक्सिबिशन केंद्र की व्यवस्था करेगा।

[1] केंद्रीय मतगणना केंद्र के लिए प्रस्तावित सुरक्षा उपायों को मीडिया सेंटर के लिए भी अपनाया जाएगा।